**हत्या** रंगनाथा नगर थाना क्षेत्र के मंगलनगर में हुई वारदात, आरोपी पिता और पुत्र गिरफ्तार

# युवक पर चाकू से हमला, इलाज दौरान मौत

**नवभारत, कटनी।** शहर के रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के मंगलनगर में रविवार दोपहर पुरानी रंजिश के कारण हुई चाकूबाजी की घटना में 25 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान कन्हैया गोंड (25) के रूप में हुई है। उसका मंगलनगर निवासी रितेश यादव से पुराना विवाद चल रहा था। रविवार दोपहर दोनों का आमना-सामना हुआ और कहासुनी गाली-गलौज में बदल गई। जिसके बाद रितेश यादव और उसके पिता रमेश यादव ने कन्हैया पर चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में उसके पेट और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल कन्हैया को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक



उपचार के बाद उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। परिजन उसे जबलपुर लेकर जा रहे थे, लेकिन स्लीमनाबाद के पास रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रंगनाथ नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने नाकाबंदी कर मुख्य आरोपी रितेश यादव और उसके पिता रमेश यादव को गिरफ्तार कर लिया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी अरूण पाल ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी गई है।

### सिविल लाइन में खाली प्लॉट में मिला अज्ञात शव

वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइन स्थित डॉ वैश्य गली में रविवार को एक खाली प्लॉट में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिसके कारण आसपास के क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही थी।

स्थानीय लोगों ने दुर्गंध आने पर खाली प्लॉट में जाकर देखा तो वहां शव पड़ा मिला। इसके बाद क्षेत्र के लोगों ने वार्ड पार्षद अवकाश जायसवाल को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पार्षद मौके पर पहुंचे और तत्काल कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हालांकि हत्या की आशंका सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस अज्ञात शव की पहचान कराने और मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदा लोगों की जानकारी ले रही है, ताकि मृतक की पहचान की जा सके।



# पिता को मुखाग्नि देकर बेटी ने निभाया बेटे का फर्ज

**अंतिम विदाई देने मुक्तिधाम पहुंची तीनों बेटियां**

**नवभारत, कटनी।** एनकेजे में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता और यूनियन बैंक में सिक्योरिटी गार्ड की सेवाएं देने वाले सचिन कश्यप के हार्ट अटैक से निधन पर उनकी बेटी हनी कश्यप ने बेटे का फर्ज निभाते हुए मुखाग्नि दी।

आजकल के दौर में बेटियां भी बेटों से किसी मायने में पीछे नहीं है। सचिन कश्यप की तीन बेटियां है, जिनमें से छोटी बेटी हनी अपने पिता के अंतिम संस्कार में शामिल हुई और चिता को अग्नि दी। एक बेटी का साहस देखकर अंतिम संस्कार में मौजूद लोग भावुक हो गए।

सभी की आँखें पिता को अंतिम विदाई देने मुक्तिधाम पहुंची तीनों बेटियों के बहते आंसू देखकर नम हो गई। सचिन अपनी तीनों बेटियों जूनी, ग्लोरी और हनी को बहुत स्नेह देते थे। वे मांझी समाज कटनी के सचिव के रूप में भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे। लगभग 60 वर्षीय सचिन का जबलपुर के एक निजी अस्पताल में हार्ट सम्बंधी ऑपरेशन के दौरान ब्रेन हेमरेज से दुखद निधन हो गया।

निधन की खबर से एनकेजे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज रविवार को नयागांव एनकेजे स्थित निवास से निकाली गई।

अंतिम संस्कार एनकेजे मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार के दौरान काफी संख्या में क्षेत्र और समाज के लोगों की उपस्थित रही।

## एक नजर में



### रेलवे स्टेशन में बीमार हालत में मिली महिला की मौत

**नवभारत, कटनी।** मुड़वारा रेलवे स्टेशन में 25 जून को बीमार हालत में मिली अज्ञात महिला की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई है। महिला की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराया है। महिला की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार मुड़वारा रेलवे स्टेशन में 25 जून को एक महिला बीमार हालत में मिली थी, जिसके बाद रेलवे के कामर्शियल स्टेशन मास्टर केके दुबे द्वारा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां 26 जून की शाम इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की उम्र लगभग 45 वर्ष है, लंबाई लगभग 4 फुट 8 इंच होगी। मृतिका मेहरून धारीदार सफेद रंग से कढ़ाई किया हुआ सूट और पीले रंग का घेरदार पेटिकोट पहने हुए हैं। शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रीठी थाना क्षेत्र के डांग रोड पर हुआ हादसा**

**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। डांग रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 35 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जिले के रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत डांग रोड पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान डांग गांव



रघुवीर आदिवासी (35 वर्ष) के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि रघुवीर किसी काम से बाइक से रीठी जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच जारी है।

# नशे के अवैध कारोबार पर की जाए कार्रवाई, एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

**भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा की गई मांग**

**नवभारत, रीठी।** अवैध शराब, गांजा, जुआ-सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम रीठी थाना प्रभारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, नशे के अवैध कारोबार पर कठोर कार्रवाई करने और संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। संगठन ने बताया कि वह परमपूज्य परमहंस



योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के मार्गदर्शन में लंबे समय से नशामुक्त, भयमुक्त अओर चरित्रवान समाज के निर्माण के लिए जनजागरण अभियान चला रहा है। संगठन द्वारा समय-समय पर नशामुक्ति रैलियां, जनसंपर्क अभियान और ज्ञापन के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य किया जाता है। ज्ञापन में कहा गया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब, गांजा, जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इन गतिविधियों से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है, परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट का सामना कर रहे हैं, क्षेत्र में अपराध, असामाजिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिल रहा है। संगठन ने विशेष रूप से रीठी क्षेत्र में संचालित शराब दुकानों एवं अवैध नशे के कारोबार से संबंधित शिकायतों का उल्लेख करते हुए मांग की कि यदि आबकारी नियमों के उल्लंघन और अन्य अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हुई हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। भगवती मानव कल्याण संगठन ने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस प्रशासन जनहित, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस गंभीर विषय पर शीघ्र, निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई करेगा।

# खड़े ट्रक से टकराई कार, हादसे में बरही निवासी पति-पत्नी की मौत

**काशी विश्वनाथ के दर्शन कर लौट रहा था परिवार**

**नवभारत, कटनी।** मिर्जापुर में रविवार तड़के हुए एक सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। मृतक कटनी जिले के बरही तहसील के रहने वाले थे। यह दुर्घटना तब हुई जब चालक को झपकी आने के कारण तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में कार चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि, कार में सवार दो मासूम बच्चे सुरक्षित बच गए। पुलिस के अनुसार यह घटना



रात करीब 2 बजे हनुमना जाने वाली लेन में हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए थे। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने कार में फंसे शवों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र में हुई। मृतकों की कटनी निवासी विकास (35) और उनकी पत्नी सोनम (31) के रूप में हुई है। वे अपने बेटों शिवांश (4) और रुद्र (डेढ़ साल) के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन के लिए गए थे और किराए की अर्टिगा कार से लौट रहे थे। घायलों में चालक हीरालाल (23), हिमांशु ताम्रकार (27), सक्षम ताम्रकार (17) और राधा (40) शामिल हैं, जो सभी सतना के निवासी हैं।

प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और कार को अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रक चालक की तलाश जारी है।



# 1 लाख 73 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**विशेष पल्स पोलियो अभियान का किया गया शुभारंभ**

**नवभारत, कटनी।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 का शुभारंभ रविवार को जिला अस्पताल स्थित मातृ और शिशु परिचर्या भवन में किया गया। कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने अपनी पुत्री देवांशी (4 वर्ष) और पुत्र तेजस (18 माह) को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर किया। शुभारंभ अवसर पर जिला अस्पताल में जन्मे 20 नवजात शिशुओं को भी पोलियो की खुराक दी गई। अभियान के तहत जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 73 हजार 555 बच्चों को 1670 बूथों के माध्यम से पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर ने बताया कि अभियान के प्रथम दिवस बूथों पर जो बच्चे दवा से वंचित रह जाएंगे, उन्हें दूसरे और तीसरे दिन घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए 3354 टीकाकरण कर्मचारियों और 162 सुपरवाइजर की तैनाती की गई है। शासन का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहे।

कार्यक्रम में आईएमए अध्यक्ष डॉ अशोक चौदहा, सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ समीर सिंघई, डॉ नरेंद्र झामनानी, आरएमओ डॉ राजीव द्विवेदी, डॉ मनीष मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश जैन सहित स्वास्थ्य विभाग का समस्त अमला उपस्थित रहा।

# नि :शुल्क शिविर में मरीजों की जांच, दिया गया स्वास्थ्य परामर्श

**एमजीएम हॉस्पिटल द्वारा लगाया गया शिविर**

**नवभारत, कटनी।** एमजीएम हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले और आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में मरीजों ने भाग लिया।

शिविर के दौरान सैकड़ों मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार नि:शुल्क रक्त जांच और गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच स्क्रीनिंग भी की



गई। शिविर में महिला और प्रसूति रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जरी विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, मुख, ओरल कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें रोगों की रोकथाम, समय पर उपचार और स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जानकारी दी।

चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान जिन मरीजों में ऑपरेशन और विशेष उपचार की आवश्यकता पाई गई, उन्हें आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पूरी तरह नि:शुल्क उपचार और ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। एमजीएम हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य आमजन को गुणवत्तापूर्ण और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं सुलभ कराना, आयुष्मान भारत योजना का अधिक से अधिक लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। अस्पताल भविष्य में भी जनहित में इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता और नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता रहेगा।

### ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण आज

**नवभारत, कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के जिला स्तरीय वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण सोमवार 29 जून को शाम 5 बजे किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जीतेन्द्र पटेल ने निरीक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला और बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष डीसी राम को निरीक्षण के समय उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।




**विकास** मुख्यमंत्री ने किया टिकरिया कैलवारा में रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर का ऑनलाइन भूमिपूजन, भेजी गई प्रोत्साहन राशि

# रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर की सौगात, जिले के युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

**नवभारत, कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग दिवस पर भोपाल में आयोजित सशक्त उद्यमी, समृद्ध मध्यप्रदेश समिट से कटनी जिले के सभी उद्यमियों, स्टार्ट-अप क्रिएटर्स, कारीगरों और श्रमिकों को रेडीमेड गारमेण्ट क्लस्टर के रूप में बड़ी सौगात दिया है। मुख्यमंत्री ने कटनी जिले के टिकरिया कैलवारा औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत 445.85 लाख रुपए की राशि से करीब 2.98 हेक्टेयर भू-क्षेत्र में बनने वाले रेडीमेड गारमेण्ट क्लस्टर का आनलाइन भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने जिले के 55 औद्योगिक इकाइयों को 13.2 करोड रूपए की



प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित किया। इधर कटनी के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, कलेक्टर आशीष तिवारी , जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी और महाप्रबंधक उद्योग और व्यापार श्रीमती ज्योति सिंह, प्रबंधक राजेश पटेल और उद्यमी व उद्योगपति वर्चुअली जुड़े रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधायक संदीप जायसवाल से वर्चुअली चर्चा के दौरान कहा कि कटनी के विकास के लिए आपका सतत प्रयास रंग ला रहा है। विधायक ने बताया कि प्रारंभिक चरण में 67 औद्योगिक प्लॉट विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें से लगभग 50-60 प्लॉटों के लिए उद्यमियों द्वारा सहमति भी दी गई है। इससे नए उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने में बड़ी आर्थिक सहायता मिलेगी और 600 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में विशेष रूप से गारमेंट उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह परियोजना कटनी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। मुख्यमंत्री द्वारा उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए दी जा रही एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 को विधायक ने उद्योगों के विकास के नजरिए से मील का पत्थर बताया। इस योजना के तहत स्थापित होने वाली इकाईयों को प्लांट और मशीनरी में निवेश का 40 प्रतिशत सब्सिडी देने का प्रावधान किया है। इस सहायता का लाभ लेने वाली औद्योगिक इकाई को कुल सहायता उसके द्वारा किए गए स्थायी पूंजी निवेश के 200 फीसदी तक सीमित होगी। बतादें कि मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में सिर्फ बरगवां औद्योगिक क्षेत्र ही संचालित था। लेकिन 2013 के बाद से विधायक के प्रयासों और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में लमतरा औद्योगिक क्षेत्र, अमकुही औद्योगिक क्षेत्र, तखला औद्योगिक क्षेत्र, कैलवारा औद्योगिक क्षेत्र के साथ औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिली है। इन सभी औद्योगिक क्षेत्रों के समग्र विकास से कटनी एक सशक्त औद्योगिक हब बनने की दिशा में अग्रसर होगा।



